# *Environment & Sustainability*


The Hitavada
JABALPUR ■ Wednesday ■ July 17 ■ 2019




Students attending plantation campaign at MH Home Science and Science College.

Those who participated in the programme included Dr. Mala Pyasi, Dr. Preeti Bala Mishra, Dr. Malay Verma, Dr Rajendra Singh Rajput, Dr. Shailprabha Koshra and others. A number of NSS volunteers including Priyanka Singh, Mohammed Altaf, Shivendra Singh and Rohit were also present.


दैनिक दबंग दुनिया
जबलपुर, गुरुवार, 18 जुलाई 2019


## प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से दिखाया जल संरक्षण और पौधारोपण का महत्व



जबलपुर। पर्यावरण जागरूकता के अंतर्गत जल संरक्षण, पौधारोपण के महत्व को चित्रों के माध्यम से बतायी गया। ये अवसर था होम सांइस कॉलेज के मानव विकास विभाग द्वारा पर्यावरण जागरूकता प्रदर्शनी के आयोजन का। जहां पर स्टूडेंटों को पोस्टर व चित्रों के माध्यम से पर्यावरण की जानकारी दी गई। कॉलेज की नवप्रवेषित छात्राओं, अभिभावकों व स्टाफ के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस प्रदर्शनी का उदेश्य छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूकता करना और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का एहसास करना है। प्रदर्शनी के सुवाक्या का संकलन विभाग की छात्राओं द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. लीला भलावी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. गीता शुक्ला, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव व अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।


16 नईदुनिया
जबलपुर, बुधवार 17 जुलाई 2019


## पोस्टर व चित्रों से जाना पर्यावरण का महत्व

जबलपुर। नईदुनिया रिपोर्टर

होमसाइंस कॉलेज के मानव विकास विभाग द्वारा पर्यावरण जागरुकता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां पर्यावरण जागरुकता के अंतर्गत जल संरक्षण, पौधरोपण के महत्व से संबंधित जानकारियां स्टूडेंट्स को पोस्टर व चित्रों के माध्यम से दी गईं। जिसमें कॉलेज की नवप्रवेषित छात्राओं, अभिभावकों व स्टाफ के सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस



होमसाइंस कॉलेज में पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करतीं प्राध्यापक व छात्राएं।

प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरुक करना और उन्हें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराना है। प्रदर्शनी के लिए सुवाक्य का संकलन विभाग की एमएससी की छात्राओं ने किया। कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. लीला भलावी के निर्देशन में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अर्चना गुप्ता, डॉ. गीता शुक्ला, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव व अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।


JABALPUR ■ Friday ■ July 26 ■ 2019


## Various organisations plant saplings at Madan Mahal Hills

■ Voluntary organisations, educational institutions, environment lovers and citizens have been extending support in planting saplings on the hills under Hariyali Mahotsava 2019

■ Staff Reporter

REPRESENTATIVES of various organisations including Art of Living, Prakariti Mitra and others, on Thursday planted saplings to add to greenery at Madan Mahal Hills. The environment lovers planted 1000 saplings of variety of fruit bearing and shed giving trees on the hills and also took pledge of environment conservation.

It may be noted that Smart City Limited and Jabalpur Municipal Corporation are carrying joint plantation drive on Madan Mahal hills. Voluntary organisations, educational institutions, environment lovers and citizens have been extending support in planting saplings on the hills under Hariyali Mahotsava 2019.

Accordingly, nearly 300 members of various organisations, on Thursday reached Chouhani and planted saplings on plot no 18, 19 and 20 of the hills.





Members of Prakariti Mitra planting saplings at Chouhani on Madan Mahal Hills.

Municipal Commissioner, Ashish Kumar informed that the civic body organises plantation drive in the month of July every year. It plants saplings on vacant land to spread green cover in the city and provide clean and healthy environment to the denizens.

Accordingly, the JMC is conducting plantation drive on Madan Mahal hills under Hariyali Mahotsava 2019. Kumar said environment conservation in the need of the hour. He said the civic body with due support every sections of the society would plant nearly 2 lakh saplings of medicinal plants, fruit bearing and other plants on Madan Mahal hills by August 5. He extended gratitude to representatives of social and other organisations who are extending huge support in planting saplings. He appealed people to come forward and conserve environment and extend support in keeping the city clean and green.

# पर्यावरण और जैव विविधता के प्रति छात्राओं में रुझान



जबलपुर. शासकीय होमसाइंस कॉलेज के प्राणीशास्त्र विभाग के तत्वावधान में विभागाध्यक्ष डॉ. शम्पा जैन के मार्गदर्शन और श्रद्धा खापरे एवं डॉ. अर्जुन शुक्ला के संयोजन में बीएससी प्रथम वर्ष की 24 छात्राओं ने फील्ड प्रोजेक्ट पर काम किया।

छात्राओं ने नर्मदा नदी के जीव जन्तुओं का अध्ययन, प्रजाति की पहचान एवं उनका संरक्षण, कीटों की प्रजाति जैसे महत्वपूर्ण विषय पर फील्ड में जाकर प्रोजेक्ट कार्य को पूरा कर रही है। श्रद्धा खापरे ने बताया की मधुमक्खी के कॉलोनी में उच्च स्तरीय सामाजिक संगठन पाया जाता है, अत्याधिक संख्या होने के बावजूद इन मुधमख्खियों में कार्य विभाजन व परस्पर संबंध मानव के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है।

छत्ता मधुमख्खियों की शिल्पकारिता या वस्तुकारिता का उत्कृष्ट नमूना है। डॉ. अर्जुन ने अपने शोध रिपोर्ट से बताया की नर्मदा नदी में कीट एवं मोलस्का की लगभग 55 फैमिली ऐसी है जो जल शुद्धिकरण में अपनी भूमिका अदा कर रही है, इन बेन्थिक प्रजातियों के माध्यम से छात्राओं को जल एवं जीव संरक्षण के लिए दिशा निर्देश भी दिए जा रहे।

---

दैनिक भास्कर 31-8-2019

## पेज 1 का शेष... आस्था के साथ पर्यावरण का भी रखें ध्यान ईको...



**प्राकृतिक रंगों का उपयोग |** होमसाइंस कॉलेज में भी ईको-फ्रेंडली गणपति निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने मिट्टी के



गणपति बनाने के साथ ही उन्हें सजाने में प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया। फूलों के रंगों और पत्तियों का प्रयोग कर प्रतिमाओं को सजाया। कार्यशाला में छात्राओं के साथ ही प्रोफेसर्स ने भी भाग लिया।पी-3

### कुछ खास झलकियाँ

» छात्राओं ने स्टेप बाय स्टेप प्रतिमा निर्माण करना सीखा। नैन व नक्श बनाने के साथ ही हाथ और पैरों की विभिन्न मुद्राएँ कैसे बना सकते हैं, इसकी बारीकियाँ भी जानीं।

» प्रतिमा निर्माण के दौरान छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण की विशेषता के बारे में भी जाना। साथ ही यह संकल्प भी लिया कि घरों में मिट्टी के गणपति ही विराजमान करेंगे।


» जितनी उत्सुकता छात्राओं को कार्यशाला में भाग लेने की थी, उतनी ही उत्सुकता के साथ छात्राओं ने गणपति को आकार भी दिया। देखते ही देखते छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रतिमाएँ बनाईं।

» जीरो साइज से लेकर बड़े आकार की भी प्रतिमाएँ छात्राओं ने निर्मित कीं। कमल पर विराजे, ग्रीन पत्तियों से सजे और सुंदर मुद्राओं वाले गजानन भी बनाए।

**लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प |** पर्यावरण को सुरक्षित करने की जिम्मेदारी उठाते हुए छात्राओं ने यह संकल्प भी लिया कि वो पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयं आगे आएँगी, साथ ही लोगों को भी इसके लिए जागरूक करेंगी। अतिथियों ने बताया कि गणेश पूजन के उपरांत प्रतिमाओं को नदियों व तालाबों या अन्य जल स्रोतों में विसर्जित न करके, घर के गमले में विसर्जित करें।

**आज यहाँ होगी कार्यशाला |** अपर आयुक्त वित्त रोहित सिंह कौशल ने बताया कि इको-फ्रेंडली गणेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आज प्रातः 11:30 बजे से तमरहाई स्कूल में और दोपहर 3 बजे से बाल भवन में ईको-फ्रेंडली गणपति निर्माण का प्रशिक्षण दिया जाएगा।पी-3

---



# शा. मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला स्वशासी ,महाविद्यालय में पौधारोपण

**जबलपुर, देशबन्धु।** शा. मो. ह. गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला स्वशासी ,महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ कि अगस्त माह की गतिविधियों के अंतर्गत बीएससी प्रथम वर्ष छात्राओं को व्यक्तित्व विकास दृष्टि पथ वचन, एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्ध की छात्राओं के द्वारा जल संरक्षण एवं एक-एक पौधे के संकल्प को लेकर पौधारोपण कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में कराया गया। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ ज्योति जैन, एवं डॉ. गीता चौबे, डॉ. पायल श्रीवास्तव वह सभी छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया।

---

जबलपुर, शुक्रवार, 07 जून, 2024

# जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

## विश्व पर्यावरण दिवस पर होमसाइंस कालेज में आयोजन



---



# आक्सीजन कार्नर बनाकर दिया प्रकृति के संरक्षण का संदेश

शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों को पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के उद्देश्य से प्राकृतिक के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डा नंदिता सरकार के नेतृत्व में किया गया। महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग में आक्सीजन कार्नर का निर्माण कराया गया एवं महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर एमएससी की छात्रा शुभांगी परिहार, सुनिधि, रश्मि विश्वास, मेहविश, बुशरा अंजुम आदि उपस्थित थी।



IV **नईदुनिया** जबलपुर, बुधवार, 30 अगस्त, 2023

# पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

## होमसाइंस कालेज में स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजन



होमसाइंस कालेज मे विभिन्न आयोजन पर उपस्थित छात्राएं व शिक्षिकाएं। ● सौ. आयोजक




कालेज में छात्राओं के साथ शिक्षकों ने पौधारोपण किया। ● सौ. आयोजक

होमसाइंस कालेज में मंगलवार को बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं को व्यक्तित्व विकास दृष्टि पथ वचन की जानकारी दी गई। स्नातकोत्तर पूर्वार्ध की छात्राओं ने जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने के संकल्प के साथ ही पौधारोपण महाविद्यालय परिसर में किया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डा. नंदिता सरकार के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की अगस्त माह की गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस दौरान जयति जैन, डा. गीता चौबे, पायल श्रीवास्तव आदि उपस्थित थीं।

जबलपुर, बुधवार 30 अगस्त 2023 **देशबन्धु**

# *Values*

**दैनिक भास्कर** जबलपुर, बुधवार 24 जुलाई 2019

### होम साइंस कॉलेज के फूड डिपार्टमेंट द्वारा महिलाओं को बताया बेबी फूड रेडी करना, जो लो कॉस्ट और हैल्दी हो...

# 6 माह के बच्चों को हैल्दी रखने के लिए दें केले की इडली और पंजीरी

सिटी रिपोर्टर | जबलपुर

बेबीज हैल्दी रहें, इसके लिए हैल्दी फूड भी उन्हें खिलाना होगा। 6 माह के बच्चों की वृद्धि और विकास में मॉं के दूध के साथ-साथ पूरक आहार की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ... और अगर ऐसा नहीं मिलता है तो बच्चा कुपोषित हो जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए होम साइंस कॉलेज के आहार एवं पोषण विभाग एवं शासकीय मेडिकल कॉलेज जबलपुर स्थित आईसीडीएस केन्द्र में शिशुओं के लिए पोषण युक्त पूरक आहार विषय पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहॉं एक्सपर्ट द्वारा बेबी फूड में केले की इडली, पंजीरी आदि बनाना सिखाया गया। आर-1

### बेबीज फूड पर हो रही है रिसर्च

बेबीज फूड पर आहार एवं पोषण विभाग की शोध छात्रा ऋचा सिंह रिसर्च कर रहीं हैं, उन्होंने बताया कि छह माह के बाद बच्चों को यदि मॉं का दूध दिया जाए एवं कोई अन्य पूरक आहार ना दिया जाए, तो यह कुपोषण का कारण भी बन सकता है। 5 साल से कम आयु के बच्चों की मृत्यु का एक मुख्य कारण कुपोषण भी होता है। इसी बिंदु को ध्यान में रखकर कम लागत एवं आसानी से उपलब्ध खाद्य पदार्थों के प्रयोग से पोषण युक्त पूरक आहार का विकास कर उन पर शोध किया है।




**लाइव डेमोन्स्ट्रेशन भी दिया** | आईसीडीएस केन्द्र में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं कॉलेज की छात्राओं के समक्ष शिशुओं के लिए पूरक आहार के महत्व और बनाने की विधि का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बताया कि केले कम दाम में पोषक आहार बेबीज को दिया जा सकता है। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. नंदिता सरकार एवं प्राध्यापक डॉ. स्मिता पाठक, डॉ. बृजलता दुबे, डॉ. राजलक्ष्मी त्रिपाठी, श्रीमती विश्वशांति पाराशर एवं केन्द्र के मुख्य प्रशिक्षक मनीष शर्मा व सहायक प्रशिक्षक श्रीमती सावित्री दुबे शामिल रहे। पौष्टिक पूरक आहार बनाने की विधि पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

### केले की इडली

बच्चों को भरपूर पोषक तत्व मिले इसके लिए केले की इडली बेस्ट है। चावल और उड़द की दाल के साथ केले को मैश करके तैयार की जाती है।

### अंकुरित पाउडर

**सामग्री** | चावल, गेहूँ के दाने, बाजरा, साबुत चना, साबुत मूँग दाल, साबुत उड़द दाल, साबुत मसूर दाल, भुना चना, साबूदाना, मूँगफली। (सभी चीजें 10-10 ग्राम लें)

**विधि** | सारी दालें, गेहूँ और बाजरा को पहले अंकुरित कर लें। अब अंकुरित सामग्री को सुखाने के लिए धूप में रख दें, जब अच्छी तरह से सूख जाए तो अलग-अलग करके सभी को भून लीजिए। इसके बाद चावल, साबूदाना, भुने चने और मूँगफली को अलग-अलग भून लें और ठंडा कर लें। ठंडा होने के बाद सारी सामग्रियों को पीस कर पाउडर बना लें। इसके बाद टेडी हो जाएगा अंकुरित पाउडर, इसे पानी या दूध से दे सकते हैं। पी-3

**पत्रिका** patrika.com जबलपुर, गुरुवार, 25 जुलाई, 2019

### गवर्नमेंट होमसाइंस कॉलेज में पर्सनैलिटी डवलपमेंट सेल के तत्वावधान में हुआ आयोजन

# व्यक्तित्व निर्माण में जरूरी है शिष्टाचार और सभ्यता का भाव





**जबलपुर** ◆ गवर्नमेंट होमसाइंस कॉलेज में पर्सनैलिटी डवलपमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजन किया गया। इसमें व्यक्तित्व निर्माण में शिष्टाचार, सभ्यता और सौम्य व्यवहार को अपनाने की बात कही गई। विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रिटायर्ड प्रो. डॉ. मीना गुप्ता ने इस बारे में स्टूडेंट्स को जानकारी प्रदान की। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ. लीला भलावी के संरक्षण में प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. बृजलता दुबे, डॉ. अर्चना गुप्ता और डॉ. प्रियंका राज के संयोजन में कार्यक्रम हुआ। इसमें 85 से अधिक स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। डॉ. आभा तिवारी, डॉ. नंदिता सरकार सहित अन्य उपस्थित थीं।

# WEBINARS, SEMINARS & WORKSHOPS

## ICAI holds Financial and Tax Literacy programme

■ Staff Reporter

FINANCIAL and Tax Literacy programme for students under Y20 (Youth 20) was organized by Institute of Chartered Accountants of India Jabalpur branch at Government Mohanlal Hargovinddas Mahila Home Science and Science College Jabalpur, on Saturday.

Subject experts elaborated easy ways for operating bank accounts and invests money safely.

Speaking on the occasion, College Principal, Dr Nandita Sarkar said that financial literacy is an ability that helps people to understand and take their financial decisions. It is an important skill that can help people in achieving their goals, reduce risk and secure their wealth. Understanding this in your student life itself can make life ahead simpler, safer and more enjoyable.



Subject experts seen during Financial and Tax Literacy programme at Home Science College.

CA Kamal Valecha, Chairman, ICAI Jabalpur Branch said that investment and bank accounts are two important aspects of financial literacy. Investments provide a way for people to grow their money and accumulate wealth for their future. Bank accounts help people keep their money safe and easily accessible.

CA Aakriti Agarwal informed about some simple ways to operate bank accounts with necessary precautions to keep their deposits safe.

CA Prapti Sanghvi explained the importance of investment and said that investments provide a way for people to grow their money and accumulate wealth for their future.

On this occasion, CA Chandni Ahuja, Secretary, ICAI Jabalpur branch expressed gratitude to all experts for providing valuable information to the students.

## मिली वस्त्रों के री-साइकिलिंग की जानकारी

जबलपुर। पर्यावरण को बचाने के लिए जागरूकता प्रोग्राम के अंतर्गत शासकीय होम साइंस महिला महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला रसायन शास्त्र विभाग, वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग एवं गणित विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। कार्यशाला में ई-वेस्ट से उत्पन्न होने के स्त्रोत एवं उनके उचित तरीके से डिस्पोज किए जाने वाली विधियों की जानकारी दी गई। रसायन शास्त्र विभाग की एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा मनीषा पटेल ने केमिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल फाइबर विषय पर व्याख्यान दिया। वहीं वस्त्र एवं तंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.भावना शर्मा द्वारा 'एनवायरमेंटल प्रोटेक्शन फ्रॉम टेक्सटाइल वेस्ट' विषय पर व्याख्यान दिया गया। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ.नंदिता सरकार के संरक्षण में रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.कल्पना गुप्ता, डॉ. भावना शर्मा, डॉ. निधि चौबे का मार्गदर्शन रहा।

## शासकीय होमसाइंस कॉलेज
## युवाओं ने समझी निवेश प्रक्रिया



जबलपुर. युवाओं के लिए इन्वेस्टमेंट प्लानिंग अहम है, क्योंकि यह उनकी सेविंग और फ्यूचर से जुड़ा है। इन्वेस्टमेंट प्लानिंग को लेकर होमसाइंस कॉलेज में वर्कशॉप आयोजित हुई। स्टॉक एक्सचेंज विशेषज्ञ प्रो. अमोग घाटोस्कर ने बताया कि छात्राओं को कम बजट से इन्वेस्टमेंट की शुरुआती करनी चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ज्योति जैन, डॉ. रीना भैरम, डॉ. मनीषा आर्या, अपूर्वा सोनी, रश्मि सिंगरौरे, डॉ. गीता चौबे मौजूद रहीं।

training program
## प्राकृतिक संसाधनों से की खाद्य पदार्थों की जांच





पत्रिका plus रिपोर्टर

जबलपुर. नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्राओं को कौशल कला से जोड़ने के लिए होमसाइंस कॉलेज में रसायन विज्ञान विभाग द्वारा ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस दौरान शनिवार को खाद्य पदार्थों में मिलावट, दूध और उससे बने उत्पादों में स्टार्च, यूरिया, डिटर्जेंट, हाइड्रोजन पराक्साइड की मिलावट, हल्दी, मिर्च, धनिया आदि में होने वाली मिलावट को जानने की तरकीब बताई गई। साथ ही गुड़, शक्कर, शहद, तेल, वनस्पति घी में भी विभिन्न पदार्थों की मिलावट का परीक्षण छात्राओं ने किया। इस मौके पर डॉ. नंदिता सरकार, डॉ. कल्पना गुप्ता, डॉ. अर्चना खरे, डॉ. किरण सिंह, डॉ. वीके सिंह, मधुमति जैन, शुभा सिन्हा, डॉ. मृदुला दुबे, डॉ. मंजू गुप्ता, डॉ. लीना राय उपिस्थत थीं। विषय विशेषज्ञ प्रमेश कुमार बोहरे, प्रियंका बोहरे, सुमन उपाध्याय ने प्रशिक्षण दिया।

